Bharat Temples

हार को अपनी भूल गया प्रभु,
जबसे तेरा साथ मिला,
मेरा दामन थाम लिया मुझे,
सर पे तेरा हाथ मिला,
श्याम श्री श्याम,
श्याम श्री श्याम,
श्याम श्री श्याम,
जय जय श्याम।।

तर्ज कस्मे वादे प्यार वफ़ा।

सूना पड़ा था जीवन मेरा,
तूने ही गुलज़ार किया,
तेरे दर से इतना मिला मुझे,
तूने इतना प्यार दिया,
तेरे सिवा मेरा कोई नहीं है जो,
बिन मतलब के साथ चला,
हार को अपनी भुल गया प्रभु,
जबसे तेरा साथ मिला।।

जब जब मैंने याद किया तुझे,
जो माँगा वो पाया है,
मेरे दु:ख को हल्का करके,
सर पे हाथ फिराया है,
इस नालायक दीन को दाता,

तुम सा दीनानाथ मिला,
हार को अपनी भुल गया प्रभु,
जबसे तेरा साथ मिला।।

मेरे इक इक आंसू को प्रभु,
हीरे सा तूने मोल दिया,
मेरी औकात से बढ़कर तूने,
प्यार में अपने तोल दिया,
पंकज तुझसे क्यों न मांगे,
रहमत का तेरे सिलसिला,
हार को अपनी भुल गया प्रभु,
जबसे तेरा साथ मिला।।

हार को अपनी भूल गया प्रभु,
जबसे तेरा साथ मिला,
मेरा दामन थाम लिया मुझे,
सर पे तेरा हाथ मिला,
श्याम श्री श्याम,
श्याम श्री श्याम,
श्याम श्री श्याम ,
जय जय श्याम।।

Singer Sanjay Pareek Ji

Source:
https://www.bharattemples.com/haar-ko-apni-bhul-gaya-prabhu-jabse-tera-sath-mila/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw